<u>जनपद बाराबंकी</u>

दिनांक 18.10.2020

महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक करने हेतु जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चलाया जा रहा विशेष अभियान ‘‘मिशन शक्ति’’।

महिलाओं एवं बच्चियों के साथ घटित होने वाले अपराधो की प्रभावी रोकथाम एवं जागरूक करने हेतु जनपद बाराबंकी में विशेष अभियान “मिशन शक्ति” चलाया जा रहा है। आज दिनांक-18.10.2020 को प्रभारी पुलिस अधीक्षक श्री आर0एस0गौतम के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर/मिशन शक्ति की नोडल अधिकारी सुश्री सीमा यादव के नेतृत्व में महिलाओं/ बालिकाओं को जागरूक करने हेतु जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में कुल 07 जगहों थाना कोतवाली नगर के फैजुलरहमान पार्क व महिला अस्पताल, थाना जहांगीराबाद के ग्राम बेरिया, थाना हैदरगढ़ के कस्बा हैदरगढ़, थाना लोनीकटरा के ग्राम शिवनाम, थाना टिकैतनगर के ग्राम सुखीपुर एवं थाना फतेहपुर के ग्राम इसरौली में कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस अवसर पर महिलाओं की सुरक्षा से सम्बन्धित सुझाव दिये गये तथा 1090(वूमेन पॉवर लाइन), 181(महिला हेल्प लाइन), 1076(मुख्यमंत्री हेल्पलाइन), 112(पुलिस आपातकालीन सेवा), 108(एम्बुलेंस सेवा), एवं 102(स्वास्थ्य सेवा) की उपयोगिता के सम्बन्ध में महिलाओं को जागरुक किया गया । इसके अतिरिक्त स्कूल, कालेज, बड़े चौराहों व मोहल्लों में महिलाओं की सुरक्षा हेतु उपाय बताये गये तथा गठित एन्टीरोमियों टीम व जनपद के सभी थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के सम्बन्ध में भी जानकारी दी गयी तथा महिलाओं को सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति जागरूक किया गया । इसके साथ-साथ समाज में महिलाओं के प्रति दुर्व्यवहार करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु चेतावनी दी गयी तथा महिलाओं को समाज में दृढ़ संकल्प होकर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया ।